Class III

Date
Page

# हिंदी व्याकरण

## पाठ - 1 → भाषा

I परिभाषा लिखिए।

क) भाषा → मन की बात दूसरों तक पहुँचाने और दूसरों की बात को समझने का साधन भाषा कहलाता है।

भाषा के रूप -
भाषा के दो रूप होते हैं - 1. मौखिक भाषा
2. लिखित भाषा

ख) लिपि - भाषा को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे लिपि कहते हैं। जैसे- हिंदी, मराठी की लिपि देवनागरी हैं।

II पृष्ठ 10 की अभ्यास संख्या 1, 2, 3 पुस्तक में करवाए जाएँगे।

1. सही (✓) या गलत (x) का निशान लगाइए। (पृष्ठ 10)
क) पत्र मौखिक भाषा का एक रूप है। [x]
ख) भाषा के लिखित रूप को लिपि कहते हैं। [✓]
ग) संसार में सभी लोग एक ही भाषा बोलते हैं। [x]
घ) गुजरात में पंजाबी बोली जाती है। [x]
ङ) भाषा के दो रूप हैं। [✓]

2. भारत में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखिए। (पृष्ठ 10)

i) मराठी ii) हिंदी iii) पंजाबी

iv) बांग्ला v) गुजराती

3. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (पृष्ठ 10)

क) हम बोलकर अपने विचार दूसरों तक पहुँचाते हैं दूसरे उसे सुनकर समझते हैं।

ख) लिखकर अपना विचार प्रकट करना भाषा का लिखित रूप कहलाता है।

ग) हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

घ) भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।

ङ) अंग्रेज़ी भाषा की लिपि रोमन है।

—x—

Class-III

Date........
Page........

## पाठ-2 → वर्ण

I परिभाषा लिखिए।

क) वर्ण - भाषा की सबसे छोटी इकाई या ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते, उसे वर्ण या अक्षर कहते हैं।
जैसे - अ, आ, इ, ई, ...... आदि।
क, ख, ग, घ, ........ आदि।

ख) वर्णों के प्रकार -
वर्ण दो प्रकार के हैं।
1. स्वर वर्ण → अ, आ, इ, ई, उ, ......।
2. व्यंजन वर्ण → क, ख, ग, घ, ..........।

ग) संयुक्त व्यंजन।
⇒ हिंदी भाषा में चार संयुक्त व्यंजन होते हैं -
क्ष = क् + ष। जैसे - कक्षा, रक्षा
त्र = त् + र। जैसे - त्रिशुल, मित्र
ज्ञ = ज् + ञ। जैसे - आज्ञा, ज्ञानी
श्र = श् + र। जैसे - श्रमिक, श्रोता

II पृष्ठ 16 अभ्यास संख्या 2, पृष्ठ 17 अभ्यास संख्या 4 पुस्तक में करवाए जाएँगे।

2. दिए गए वर्णों में से दो फूल, दो फल और दो मिठाइयों के नाम लिखिए। (पृष्ठ 15)
ला, र, च, न, फी, जा, ब, गु, मु, ली, से, मे

| फूल | फल | मिठाई |
|---|---|---|
| 1. गुलाब | 1. जामुन | 1. गुलाब जामुन |
| 2. चमेली | 2. सेब | 2. बरफी |

4. उत्तर : (पृष्ठ 17)

1) अग्नि 2) ऋषि/ज्ञानी
3) कक्षा 4) पत्र

—x—

4/3.